NEWS CLIPPING: 14.09.2020

AMAR UJALA

संतुलित दृष्टिकोण से बढ़ेगी हरित प्रौद्योगिकी : प्रो. दिनेश

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से हरित प्रौद्योगिकी के विकास विषय पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देश भर के 18 राज्यों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पंजाब केंद्रीय विवि से पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के डीन डॉ. विनोद कुमार गर्ग समापन सत्र में मुख्य अतिथि रहे जबकि प्रसार एनर्जी कंसल्टेंट्स के निदेशक डॉ. दीपक वर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए संतुलित दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने पर्यावरण संबंधित मुद्दों पर जागरूकता के लिए कार्यक्रमों व गोष्ठियों का विशेष स्थान बताया।

डॉ. विनोद कुमार गर्ग ने शैक्षणिक संस्थानों में प्रत्येक वर्ष 'नीले आकाश के लिए स्वच्छ हवा' दिवस मनाने की बात कही।

कार्यक्रम में भाग लेते कुलपति व अन्य।

'हरित प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय स्थिरता' विषय पर साप्ताहिक कार्यक्रम संपन्न

युनाइटेड नेशन की ओर से इस वर्ष पहला नीले आकाश के लिए स्वच्छ वायु का अंतरराष्ट्रीय दिवस 7 सितंबर को मनाया गया था। सिविल इंजीनियरिंग के अध्यक्ष प्रो. एमएल अग्रवाल ने सप्ताह भर के कार्यक्रम पर संक्षिप्त विवरण पेश किया। पर्यावरण विज्ञान की अध्यक्षा डॉ. रेनुका गुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। डॉ. सोमवीर और डॉ. विशाल पुरी कार्यक्रम के आयोजक सचिव रहे।

NEWS CLIPPING: 14.09.2020

DAINIK BHASKAR

हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए अपनाना होगा संतुलित दृष्टिकोण: प्रो. दिनेश

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में "हरित प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय स्थिरता" विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न हो गया। इसमें देशभर के 18 राज्यों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय बठिंडा के पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के डीन डॉ. विनोद कुमार गर्ग समापन सत्र में मुख्य अतिथि थे। जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। उन्होंने समाज में पर्यावरण संबंध मुद्दों पर जागरूकता लाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान विभाग की सराहना की। डॉ. विनोद कुमार गर्ग ने पर्यावरण अनुकूलित उपायों को बढ़ावा देने और पर्यावरण के मुद्दों पर जागरूकता लाने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करने तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला।